दुर्गा कॉलेज पहुंचने इन रास्तों के उपयोग की सलाह

रायपुर. दुर्गा कॉलेज, विवेकानंद कॉलेज में उत्तरपुस्तिका जमा करने वाले परीक्षार्थियों से फाफाडीह, नहरपारा रोड और जेल रोड से निर्मित नया बाईपास रोड के उपयोग की सलाह दी गई है. कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि भीड़ से बचने के लिए परीक्षार्थी उत्तर लिखने के लिए तय समय के बाद जल्द से जल्द पहुंचने का प्रयास करें. मौदहापारा रोड की ओर से कॉलेज आने की बजाय फाफाडीह की ओर से कॉलेज आने को प्राथमिकता दें. शुक्रवार को व्यवस्था बनाए रखने के लिए विश्वविद्यालय और दुर्गा कॉलेज ने पुलिस प्रशासन से मदद मांगी है. मौदहापारा थाना प्रभारी के अनुसार दुर्गा कॉलेज में उत्तरपुस्तिका जमा के चलते व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक टीम पूरे समय मुस्तैद रहेगी. मार्ग पर यातायात व्यवस्था बनाने दोपहर 2 बजे से एक और टीम तैनात की जाएगी. व्यवस्था बनाए रखने की तैयारी कर ली गई है.

शुक्रवार को ट्रैफिक व्यवस्था संभालने एसपी को पत्र

मौदहापारा में दुर्गा कॉलेज एवं विवेकानंद कॉलेज एक ही परिसर में स्थित है. दोनों कॉलेजों का एक ही गेट है, जो केके रोड में खुलता है. जहां सुबह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे के बीच छात्र उत्तर पुस्तिका जमा करने पहुंचते हैं. छात्रों की संख्या हजारों में रहती है. कॉलेज के मुख्य द्वार के सामने ही मस्जिद है. प्रत्येक शुक्रवार को जुमे की नमाज के लिए बड़ी संख्या में नमाजी मस्जिद पहुंचते हैं. ऐसी परिस्थिति में एक ही सड़क पर एक ही समय परीक्षार्थियों एवं नमाजियों की उपस्थिति से आवागमन बाधित होने की आशंका पर ट्रैफिक व्यवस्था संभालने एसपी रायपुर को पत्र सौंपा गया है. साथ ही मस्जिद के प्रमुख से भी व्यवस्था बनाने की अपील की गई है.